अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्व एड्स दिवस का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 1 दिसंबर, 2021 को महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरुकता को लेकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एक वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें श्री दर्शन भाटिया जी (आजीवन सदस्य, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने महाविद्यालय के सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचआईवी एड्स संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एड्स के कारणों और उपचारों के बारे में भी चर्चा की गई । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का प्रचार एवं प्रसार करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ० जयपाल सिंह (संयोजक, रेड रिबन क्लब) की देख-रेख में श्री सुभाष कैलोरिया, (काउन्सलर, यूथ रेड क्रॉस) और श्रीमती नेहा गोयल (काउन्सलर, रेड रिबन क्लब) द्वारा संपन्न किया गया।